Amit Singh Negi
Secretary

Government of Uttarakhand

Department of Medical, Health and Family Welfare and Medical Education
Government of Uttarakhand
4 -Subhash Road, Dehradun

Letter No. 488/ PS /sec-MH/2020
Dated 25 **June. 2020**

सेवा में,

सचिव,
शिक्षा विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः स्कूली विद्यार्थियों में डेंगू से रोकथाम एवं बचाव हेतु Advisory विषयक।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप विदित ही है कि डेंगू राज्य में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में परिलक्षित हो रहा है। वर्तमान कोविड–19 परिवेश मे एहतियातन राज्य के सभी स्कूल बन्द किये गये है परन्तु डेंगू संक्रमण काल (माह जून से नवम्बर तक) डेंगू रोग के प्रसारित होने की सम्भावना के दृष्टिगत विद्यालयों में डेंगू रोग से बचाव हेतु कार्यवाहियां की जानी आवश्यक है। अतः विद्यालयों में डेंगू रोग के संक्रमण को रोके जाने हेतु निम्न कदम उठाये जाने की आवश्यकता है :

- विद्यार्थियो को on line classes के माध्यम से डेंगू रोग से बचाव हेतु जागरूक किया जाये।
- विद्यालयों मे जहां कहीं भी कूडा कबाड एकत्रित हो एवं जहां पर बारिश के पानी के जमा होने का खतरा है उन स्थानों को साफ रखा जाये।
- स्कूल खुलने की दशा में सभी छात्र छात्राओं को डेंगू से बचाव हेतु पूरी बांह की कमीज एवं पैन्ट पहन कर आने तथा प्रार्थना सभा में डेंगू से बचाव के सम्बन्ध मे स्वास्थ्य शिक्षा दें एवं स्कूलों में मच्छर रोधी वातावरण बनायें।
- कक्षाओं की खिडकी एवं दरवाजों में जाली लगाई जाए।
- पानी की टंकी को ढ़क कर रखा जाए।
- स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू रोकथाम एवं बचाव हेतु निर्मित animated फिल्म को ऑनलाइन कक्षाओं के दौरान दिखाया जाये।
- लॉकडाउन के कारण स्कूलों में उग गयी घास–फूस की सफाई को भी सुनिश्चित किया जाये तथा जल भराव के स्थानों को नष्ट किया जाय।
- अभिभावकों को भी on line classes संवाद के दौरान डेंगू रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जागरूक किया जाये।

पत्र के साथ डेंगू रोकथाम एवं नियत्रण आई0ई0सी0 सामग्री की साफ्ट प्रति व animated फिल्म संलग्न है। विद्यालयों स्तर से की गई कार्यवाहियों की रिपोर्ट राज्य एन0वी0बी0डी0सी0पी0 यूनिट को ई0मेल uknvbdcp@gmail.com पर प्रेषित की जायेगी।

संलग्नक यथोपरि।

(अमित सिंह नेगी)

पत्र संख्या : तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव प्रभारी, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अपर सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
4. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
5. प्रभारी अधिकारी एन0वी0बी0डी0सी0पी0।

Scanned with CamScanner